श्री बंशीधर नगर, सोमवार
22.04.2024
चैत्र शुक्लपक्ष चतुर्दशी, संवत 2081
वर्ष : 02, अंक : 237

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**

उदय - 05:28 बजे
अस्त - 06:20 बजे

**तापमान**

अधिकतम : 41 डिग्री से.
न्यूनतम : 26 डिग्री से.

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com

कार पलटने से आधा दर्जन लोग घायल >> पेज 03 | मतदान के प्रति करें प्रेरित >> पेज 04

**सुविचार**

आंखों से हमें देखने की शक्ति मिलती है, लेकिन लोगों को देखकर परखने के लिए एक लंबे तजुर्बे की जरूरत होती है!

**न्यूज अपडेट्स**

### रांची से सुबोधकांत की पुत्री व गोड्डा से प्रदीप को टिकट

**रांची।** कांग्रेस पार्टी ने झारखंड के दो लोकसभा सीट के लिए रविवार रात दो उम्मीदवारों की घोषणा की है। रांची से पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय की पुत्री यशस्विनी सहाय को टिकट दिया गया है। जबकि गोड्डा लोकसभा सीट से प्रदीप यादव को उम्मीदवार बनाया गया है। इस संबंध में कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल ने अधिसूचना जारी की है। उल्लेखनीय है कि गत 16 अप्रैल को गोड्डा से इससे पूर्व कांगेस ने दीपिका पांडेय सिंह को टिकट दिया था। लेकिन उनका टिकट काट कर प्रदीप यादव को टिकट दिया गया है।

### कोयल नदी में डूबने से छात्र की मौत

**लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र के नारी नवाडीह गांव निवासी 16 वर्षीय देवांश कुमार की कोयल नदी के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। देवांश कुमार किस्को मोड़ स्थित ट्यूशन सेंटर में ट्यूशन पढ़ने गया था। ट्यूशन के बाद मित्रों के साथ कोयल नदी नहाने चला गया, जहां गहरे पानी में डूब गया। देवांश के दोस्तों ने पहले उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन जब सफलता नहीं मिली तब लोगों को सूचना दी। लोगों की सूचना पर सदर पुलिस मत्स्य समिति के लोगों के साथ संपर्क स्थापित करते हुए घटनास्थल पर पहुंची।

## झारखंड: उलगुलान न्याय महारैली में एकजुट हुए आईएनडीआईए के नेता, दिखाई ताकत

# झूठ बोलकर वोट लेते हैं मोदी : खड़गे



**रांची।** राज्य की राजधानी रांची के प्रभात तारा मैदान में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के तत्वावधान में उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन किया गया। इसमें इंडी गठबंधन के कई बड़े नेता शामिल हुए। सभी ने जमकर केन्द्र सरकार को निशाने पर लिया। साथ ही दावा किया कि अबकी बार जनता उन्हें दिल्ली की गद्दी से बाहर कर देगी। जुमलेबाजी, बढ़ती महंगाई से जनता ऊब चुकी है। मोदी सरकार की विदाई तय है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सालाना दो करोड़ लोगों को नौकरी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर किसी के खाते में 15 लाख रुपये डालने का मुद्दा उठाया। उन्होंने मोदी को झूठों का सरदार कहा। साथ ही कहा कि ये लोग झूठ बोलकर वोट लेते हैं और बाद में जनता को तबाह कर देते हैं। खड़गे ने कहा कि हमेशा मोदी कहते है कि मैंने आदिवासी को इस देश का राष्ट्रपति बनाया, मैंने शेड्यूल कास्ट के व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने कहा कि तुमने वोट के लिए उन्हें राष्ट्रपति बनाया। उनके कल्याण या स्वाभिमान के लिए नहीं। उनके स्वाभिमान को आपने ठेस पहुंचायी है। खड़गे ने कहा कि मोदी गरीबों का वोट छीन लेना चाहते हैं। वह बार-बार कहते हैं कि अबकी बार 400 पार। उन्होंने कहा कि हमारी संसद में 543 सीटें हैं। मोदी कहते हैं 400 पार। गनीमत है कि उन्होंने अब तक नहीं कहा 600 पार। साथ ही कहा कि गठबंधन की शक्ति इस बार इतनी है कि मोदी हो या कोई और हमारी मजबूती को तोड़ नहीं सकते। हेमंत सोरेन को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। केजरीवाल को जेल में डालने से हम डरने वाले नहीं हैं। हम जनता से डरते हैं। तुम्हारे जैसे लीडरों से नहीं डरते।

### हेमंत सोरेन ने जेल से भेजी चिट्ठी, कल्पना ने पढ़ा

कल्पना सोरेन ने हेमंत सोरेन का संदेश पढ़ते कहा कि देश एक विषम परिस्थिति से गुजर रहा है। वर्ष 2014 से देश में एनडीए की सरकार चल रही है। हालांकि, पूरे देश के राज्यों का जनाधार एनडीए को अबतक नहीं मिला है। ऐसे में भाजपा-एनडीए गैर भाजपाई राज्यों के साथ सौतेलापन दिखा रही है। उनके साथ नहीं आने वाले को जेल भेजा जा रहा है। हर वर्ग को ठगा गया है। अलग-अलग सूचना तंत्रों के माध्यम से जनता को भ्रमित किया जा रहा। पत्र में कहा है कि झारखंड के लोग गरीब हैं। यहां के संसाधनों से देश चलता है पर यहां के लोगों को हक, अधिकार नहीं मिल रहा। पूरे देश को किस तरह से केंद्र सरकार ने ठगा और लूटा है, इसे रैली में नेता बताएंगे। राज्य अलग होने के बाद परिसीमन की बात थी, जिससे आदिवासियों की सीट और घट जाती लेकिन शिबू सोरेन के विरोध के कारण परिसीमन लागू नहीं हो सका। वर्तमान लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र फिर से इस विषय को लाने वाली है और जिस तरह से वह कानून बना रही है, उससे आदिवासियों, दलितों को नुकसान होने वाला है। आज के परिप्रेक्ष्य में आदिवासी, दलितों के खिलाफ केंद्र सरकार का रवैया खराब है। अबकी लोकसभा चुनाव मजबूती से लड़ेंगे और जीतेंगे भी। देश की अखंडता को तोड़ने वालों को खदेड़ा जायेगा।

### संविधान व लोकतंत्र बचाने का संकल्प : भगवंत मान

पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के नेता भगवंत मान ने कहा कि यह राजनीतिक रैली नहीं। शक्ति प्रदर्शन भी नहीं। संविधान, लोकतंत्र को बचाने को संकल्प लेने को आए हैं। सुनीता और कल्पना के पति जेल में हैं। उनका कसूर क्या था। वे बेरोजगारी मिटाना चाहते थे। महिलाओं को मुफ्त में सफर, बिजली देने की बात करते थे। अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन की खाली कुर्सियां ही भाजपा की कुर्सियां खाली करवाएंगी। भाजपा समझती है कि जेल में आवाज डालकर आवाज दबा देंगे। छह महीने बाद संजय सिंह को ईडी ने कहा कि कोई सबूत नहीं है। ऐसे ही हेमंत सोरेन को कहेंगे।

### बिना आरोप साबित हुए केजरीवाल को जेल भेजा : सुनीता केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा कि उनके पति को मोदी ने जेल में डाल दिया। यहां के सीएम हेमंत को भी जेल में डाल दिया। आखिर उनका क्या कसूर है उनका। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया। कहते हैं कि जांच चल रही है। बिना कोई दोष साबित हुए जेल में डाल दिया जा रहा है। ऐसी तानाशाही कोई बर्दाश्त करेगा क्या। उनके पति का क्या कसूर है। सुनीता ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली में अच्छी शिक्षा दिलवायी। अस्पताल बनवाए। मोहल्ला क्लिनिक बनवाए, जिसकी चर्चा देशभर में है। देशभक्ति केजरीवाल में कूट-कूटकर भरी है। इनके सहपाठी बाहर गये लेकिन ये इस देश और यहां की जनसेवा के लिए कहीं नहीं गये।

### भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है : तेजस्वी

बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव ने कहा कि झारखंड ने मूड बना लिया है। भाजपा को भगाना है, देश को बचाना है। भाजपा को भगाओ, देश का संविधान, लोकतंत्र बचाओ। मोदी की बात नहीं करने आए हैं। पढ़ाई, दवाई की बात करने आए हैं। पूरे देश में तानाशाही चल रही है, उसे कुचलना है। यहां केजरीवाल और हेमंत की एक-एक सीट खाली है। जनता मालिक है। दोनों को न्याय दिलाना है। तेजस्वी ने कहा कि झारखंड और दिल्ली में इतना अच्छा काम चल रहा था। मोदी को पचा नहीं। ईडी, आईटी और सीबीआई को लगा दिया। जेल में डाला गया। पूर्व में मेरे पिता को भी जेल में डाला। उनके ऊपर भी केस लगाया गया। इन्हें नहीं पता, हम क्या डरेंगे। देश को बदहाल किया है। इसका बदला लेना है केंद्र सरकार से।

### पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा : संजय सिंह

आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने कहा कि देश में अलग-अलग जगहों पर भाजपा की दुकान समेटी जा रही है। बिहार के अंदर भाजपा की दुकान को बंद करने का जिम्मा तेजस्वी यादव ने लिया है। प्रियंका चतुर्वेदी का गठबंधन महाराष्ट्र में भाजपा को हटाने में लगा है। बिरसा की धरती से मोदी को संदेश दे रहा कि भाजपा जमानत जब्त कराने को तैयार है। हमारे सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, हेमंत सोरेन को जेल में रखा है। पूरा देश झारखंड के साथ लड़ाई में खड़ा है।

### भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है, दहाड़ को नहीं : अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव ने कहा कि यहां के ऐलान हो रहा है कि जो लोग 2014 में आए थे, वे 2024 में यहां से हटाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा लगातार नारा लगा रही है कि इस बार 400 से ज्यादा सीटें जीतेंगे। अखिलेश ने कहा कि ये घबराए हुए लोग हैं। ये हार चुके हैं। हार चुके लोग अन्याय लेकर आए हैं। जब मैदान में पहलवान हारने लगता है तो हर हथकंडे अपनाता है। कभी-कभी नोंचता है, काटता है। साथ ही कहा कि भाजपा ने शेर को गिरफ्तार किया है लेकिन दहाड़ को नहीं। इनके पास जनता को बताने के लिए कुछ नहीं है।

### मैं भारतीय मुसलमान हूं : फारूक अब्दुल्ला

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वह मुसलमान हैं लेकिन चीनी या पाकिस्तानी मुसलमान नहीं हैं। वह हिंदुस्तानी मुसलमान हैं। भारत के मुसलमान हैं। भारत में अलग-अलग प्रांतों में अलग-अलग भाषा बोलने वाले लोग रहते हैं। यही हमारे लोकतंत्र की खूबसूरती है। हम सबको एक उम्मीद ने जोड़ रखा है कि यदि हमें आगे बढ़ना है, भारत को आगे बढ़ना है तो हम सबको मिलकर रहना होगा। उन्होंने कहा कि राम पूरे विश्व के राम हैं। हरेक के राम हैं।

### आदिवासियों को अशिक्षित रखना चाहती है भाजपा : चम्पाई सोरेन

झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि भाजपा की सरकार ने 5000 स्कूल बंद किए लेकिन हमारी सरकार ने स्मार्ट स्कूल खोलने शुरू कर दिए। भाजपा झारखंड के आदिवासियों, दलितों, मूलवासियों और पिछड़ा वर्ग के बच्चों को अशिक्षित रखना चाहती थी लेकिन हेमंत सोरेन ने मॉडल स्कूल खोलना शुरू किया तो भाजपा परेशान हो उठी। भाजपा ने लंबे समय तक झारखंड पर शासन किया। कभी उसने आदिवासी, दलित, गरीब, पिछड़ा, मूलवासी की बात नहीं की।

## प्रधानमंत्री मोदी ने बांसवाड़ा में की जनसभा, कहा

# आरक्षण पर झूठ फैला रही है कांग्रेस



**बांसवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा कभी दलितों को, कभी आदिवासियों को और कभी अल्पसंख्यकों को डराया। आज भी ये कभी लोकतंत्र को लेकर, संविधान को लेकर, आरक्षण को लेकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। भारत डर से आगे निकल चुका है, इसलिए इनके डर का झूठ नहीं चल पा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी रविवार शाम को राजस्थान के बांसवाड़ा में भाजपा लोकसभा उम्मीदवार महेन्द्रजीत मालवीया के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले मोदी ने जालोर के भीनमाल में जनसभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि इन दिनों कांग्रेस छोड़कर बाहर निकलने वाले गंभीरता से बताते हैं कि कांग्रेस अब कांग्रेस नहीं रही है। अब कांग्रेस अर्बन नक्सलों के कब्जे में चली गई है। कांग्रेस अब वामपंथियों के चंगुल में फंसी हुई है। कांग्रेस का घोषणा पत्र माओवाद की सोच को धरती पर उतारने की उनकी कोशिश है। उन्होंने कहा कि आज देश की सेनाओं की सुप्रीम कमांडर देश की राष्ट्रपति आदिवासी समाज की एक बेटी हैं। भाजपा गरीब कल्याण के लिए समर्पित है, पूरी ईमानदारी से काम करती है। कांग्रेस की दुकान में हमेशा भय, भूख और भ्रष्टाचार ही बिकता है। उन्होंने कहा कि हमारा दस साल का ट्रैक रिकॉर्ड गवाह है। ये काम सिर्फ और सिर्फ भाजपा ही कर सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही है, जिसने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया। अब भाजपा ने ऐलान किया है कि अगले साल भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव अभियान के रूप में पूरे वर्ष भर हिंदुस्तान के हर कोने में मनाया जाएगा। जब मैं ये बातें बताता हूं तो कांग्रेस वालों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है।

## उलगुलान न्याय महारैली में कांग्रेस और राजद कार्यकर्ता भिड़े, कई घायल



**रांची।** रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की ओर से रविवार को उलगुलान रैली का आयोजन किया। इसमें देशभर के कद्दावर विपक्षी नेता शामिल हुए। महारैली के दौरान कांग्रेस और आरजेडी कार्यकर्ता आपस में भिड़ गये। चतरा से गठबंधन के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के गुट से मारपीट हो गई। इसमें कई कार्यकर्ता घायल हो गए। सिटी एसपी ने मामला शांत कराया है और घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि जब गठबंधन के नेता जनता को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के कार्यकताओं के बीच भिड़ंत हो गया। दोनों दलों के कार्यकर्ता एक-दूसरे पर कुर्सी, डंडा आदि लेकर टूट पड़े। वहां मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की लेकिन तब तक कुछ लोगों को चोट लग चुकी थी। इससे रैली में अफरा-तफरी मच गई। रैली में शामिल लोग भागने लगे। इस दौरान कई लोग जमीन पर गिर पड़े। इस मारपीट की घटना में चतरा से गठबंधन प्रत्याशी केएन त्रिपाठी के भाई गोपाल त्रिपाठी का सिर फट गया।

# झालसा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड हाई कोर्ट के कई जस्टिस हुए शामिल




**रांची।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के तत्वावधान में रविवार झारखंड के एलएडीसी का प्रथम राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर झालसा ने पहल करते हुए वृद्धाश्रम के कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए छह सप्ताह लंबा अभियान और झारखंड की जेलों में बंद गर्भवती महिला कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने की कार्य योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश आनंद सेन ने कहा कि एलएडीसी पर पहली राज्य स्तरीय बैठक का हिस्सा बनना बहुत अच्छा है। प्रत्येक जिले के एलएडीसी और डीएलएसए न्याय पाने और वंचितों के बीच के अंतर को पाट सकते हैं। न्यायाधीश डॉ एसएन पाठक ने कहा कि झालसा का कार्य एवं कर्तव्य वंचित वर्ग को राहत देना है, जिन्हें कोई महत्व नहीं दिया गया है। बल्कि राज्य द्वारा दी गई कोई भी सुविधा उन तक नहीं पहुंची है। इसलिए उनकी देखभाल करना झालसा का परम कर्तव्य है। झारखंड हाई कोर्ट के न्यायाधीश एवं झालसा के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि यह कानूनी सहायता रक्षा परामर्शदाताओं (एलएडीसी) की राज्य स्तर पर पहली बैठक है कि वे अपने कानूनी कौशल को कैसे बढ़ाएं और उनसे कैसे लाभ उठाएं ताकि कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के उद्देश्य और इरादे को हासिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि कानूनी सहायता की अवधारणा वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम बनाकर आई है। इस कानून को लाने का कारण यह है कि राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों को कैसे प्राप्त किया जाए और लोगों को न्याय वितरण प्रणाली में लाने के उद्देश्य से अंतिम द्वार तक कैसे पहुंचा जाये।

## न्यूज अपडेट्स

### बिरसा मुंडा जेल में जेल अदालत, दो कैदी हुए रिहा



**रांची।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने रविवार को बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में जेल अदालत का आयोजन किया। यह आयोजन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णकांत मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान बिरसा मुण्डा केन्द्रीय कारा होटवार में बंद नौ बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था जिसमें दो बंदी को जेल अदालत का लाभ देते हुए रिहा किया गया। रिहा किए गए कैदियों का नाम आनंद कच्छप और धनंजय तिर्की है।

## आम चुनाव ▶ बुनियादी सुविधाओं से वंचित ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

# वोट बहिष्कार का किया ऐलान

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों के चार बूथ के लोगों ने सड़क नही बनने के कारण रविवार को बैठक कर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। मौके पर हाडूप रिसापाठ उप स्वास्थ्य केंद्र के समीप गांव के ग्राम प्रधान ननकू खरवार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जहां ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्ष बीत जाने के बाद आज भी प्रखंड के पूर्वी पठार क्षेत्र के लोग बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।



इस संबंध में कई बार ग्रामीणों के द्वारा प्रखंड कार्यालय जिला कार्यालय एवं वन विभाग को ज्ञापन सौंप कर सड़क बनाएं जाने की मांग की गई है। लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है, जिस कारण लोगों को प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने में काफी कठिनाई होती है। ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि सड़क नहीं होने के कारण जब कोई बीमार पड़ता है तो लोग उसे खाट पर उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाते हैं। तब तक कई लोगों की जान भी चली जाती है।

खासकर गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। इसके अलावा सड़क के अभाव में गांव के बच्चे भी स्कूल तक नहीं पहुंच पाते हैं और अधिकांश लोग गांव में अशिक्षित हैं। इन्हीं वजह से गांव के लोग इन दिनों काफी आक्रोशित हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हम कभी कांग्रेस को तो कभी बीजेपी को वोट देकर सरकार बनाने का काम करते आ रहे हैं। परंतु शायद हमारे द्वारा चुनी गई सरकार की नजरों में हम उनके जनता नहीं है इसीलिए आज तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। यही वजह है कि ग्रामीण एकजुट होकर सर्वसम्मति से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिए हैं। इस मौके पर रामलाल उरांव, राजबली भगत, पुराण भगत, बसंत उरांव, मंगरु खेरवार, बुद्धेश्वर उरांव, मंजू देवी सहित कई लोग उपस्थित थे।

### राजनीतिक दल के नेताओं को गांव में नहीं घुसने की दी गई है चेतावनी

ग्रामीणों ने राजनीतिक दल के नेताओं को गांव नहीं घुसने की चेतावनी देते हुए कहा गया है कि सिर्फ चुनाव के दरमियान नेता हमारे गांव आते हैं और चिकनी चुपड़ी बातें बनाकर अपने पक्ष में मतदान करने के लिए लुभाने का काम करते हैं ।अगर कोई राजनीतिक दल के नेता वोट मांगने के उद्देश्य से गांव आते हैं तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा कि आज तक सड़क क्यों नहीं बनी। यदि नेताओं के द्वारा गुमराह करने का प्रयास किया गया तो उन्हें बंधक बनाने का भी काम किया जाएगा।



वोट बहिष्कार करने की सूचना मिलने के उपरांत सेरका पंचायत के कई पंचायत प्रतिनिधि बैठक में शामिल होकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रहे थे कि वोट देना उनका अधिकार है। वह काम करने वाले प्रतिनिधि का चयन करें। इस पर गांव के लोग आग बबूला हो गए और जनप्रतिनिधियों को भी जमकर खरी खोटी सुनाई।

### एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ पिता-पुत्र गिरफ्तार



**चतरा।** गिद्धौर थाना पुलिस ने एक करोड़ 40 लाख की अफीम के साथ तस्करी के आरोपित पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से 28 किलो 85 ग्राम अफीम और दो मोबाइल फोन पुलिस ने जब्त किया है। दोनों बाहर से अफीम मंगवाकर और उसे तैयार कर पंजाब, हरियाणा समेत अन्य राज्यों में भेजते थे। आरोपितों में गिद्धौर मेन चौक निवासी महेंद्र दांगी और उसके पुत्र दीपेंद्र दांगी शामिल हैं। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अजय कुमार केसरी ने रविवार को सिमरिया स्थित कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी। उन्होंने बताया कि चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि गिद्धौर थाना क्षेत्र के बरली टोला स्थित महेंद्र दांगी के जानवर शेड में भारी मात्रा में अफीम रखा हुआ है, जिसे बाहर भेजने की तैयारी है।

## हेमन्त का मास्क लगाकर महारैली में पहुंचे लोग

**रांची।** आईएनडीआईए की धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान में आयोजित उलगुलान न्याय महारैली में राज्यभर से कार्यकर्ता पहुंचे। राज्य के अलावा दूसरे राज्यों से भी गठबंधन के लोग महारैली में पहुंचे थे। लोग केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रहे। ज्यादातर लोग चेहरे पर हेमंत सोरेन का मास्क लगाकर पहुंचे थे। हेमंत का मास्क लगाकर पहुंचने वाले सभी का ध्यान आकर्षित कर रहे थे। धुर्वा एचईसी परिसर से लेकर रैली में पहुंचने वाले लोगों की बसें, कार और बाइक का हुजूम दिख रहा है। महारैली में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के अलावा बड़ी संख्या में गठबंधन के सदस्य मौजूद थे।



### मुरहू में 960 ग्राम अफीम और 65 किलोग्राम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

**खूंटी।** मुरहू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को मुरहू के जाते मधुटोली गांव निवासी विलियम बोदरा के घर में छापामारी कर घर में छुपा कर रखी गई 960 ग्राम अवैध अफीम और 65 किलोग्राम अफीम डोडा बरामद किया। मौके पर आरोपित विलियम बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया। यह जानकारी रविवार को खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित के विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि इससे पूर्व शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मुरहू थाना क्षेत्र में चलाई गई एंटी क्राइम चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार युवक के पास से लगभग 40 लीटर अवैध महुआ देसी शराब बरामद की गई। मौके पर बाइक सवार युवक मुरहू के पसराबेड़ा गांव निवासी पोगरो मुंडा (35 ) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी गोडवीन केरकेट्टा, एसआई रोशन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान में पकड़े गए 1933 यात्री

**रामगढ़।** धनबाद मंडल अंतर्गत बरकाकाना रेल जंक्शन पर मजिस्ट्रेट चेकिंग और टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। धनबाद मंडल के द्वारा टीम बनाकर गहन जांच की गई है। इस अभियान में मंडल के धनबाद-पहाड़पुर और गोमो-चंद्रपुर खंड में मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में टिकट चेकिंग के साथ- साथ मंडल के विभिन्न खण्डों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना, सिंगरौली स्टेशनों में गहन टिकट चेकिंग की गई। वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमरेश कुमार ने बताया कि इस दौरान की गई चेकिंग में 194 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान कुल 1933 यात्रियों को पकड़ा गया एवं उनसे 08 लाख 55 हजार 655 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई। इस अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों को पकड़ा गया। उनसे जुर्माने के रूप में राशि प्राप्त की गई व कड़ी हिदायत दी गई कचेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग की गयी।

## मतदाता जागरुकता के लिए रांची के मोरहाबादी मैदान में रन फॉर डेमोक्रेसी

# सभी पदाधिकारियों ने लगा कर दिया संदेश

**रांची।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत रविवार को रन फॉर डेमोक्रेसी (मिनी मैराथन) का आयोजन किया गया। रांची के मोरहाबादी मैदान से मिनी मैराथन की शुरूआत हुई। रन फॉर डेमोक्रेसी के बाद मोरहाबादी मैदान में डीजे इवेंट का भी आयोजन किया गया, जिसमें मतदाता जागरुकता से संबंधित गीतों एवं धुनों पर युवा जमकर झूमे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार,



अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर मिनी मैराथन की शुरूआत की। मिनी मैराथन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने भी दौड़ लगायी। उन्होंने मैराथन के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए संदेश दिया कि मतदान करने जरूर जाएं। मतदान करने से देश मजबूत होता है और लोकतंत्र के इस महापर्व में हमारी हिस्सेदारी सुनिश्चित होती है। रवि कुमार ने कहा कि हम सभी एक दूसरे को मतदान के प्रति जागरूक करें। पूरे परिवार के साथ लोकतन्त्र के महापर्व में उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन सरकारी तथा निजी संस्थानों में सवैतनिक अवकाश भी रहेगा। इसका सार्थक उपयोग करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है। मैराथन में शामिल युवाओं ने मोरहाबादी मैदान के चारों ओर तीन चक्कर लगाया। पुरुष वर्ग में पवन सिंह ने प्रथम, विकेश कुमार ने द्वितीय तथा अनूप उरांव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग में ममता कुमारी को पहला, नीता कुमारी को दूसरा तथा शीतल कुमारी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, एडिशनल सीईओ संदीप सिंह, डीआईजी अनूप बिरथरे ने पुरस्कृत किया।



# बाईक की आमने-सामने की टक्कर में तीन घायल, एक रेफर

बंशीधर न्यूज

**मझिआंव :** थाना क्षेत्र के आमर गांव के समीप बैरवदानी कनवाह के समीप दो बाईक की आमने-सामने की हुई टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। घायलों की पहचान पलामू जिला के कोसियारा गांव निवासी जनेश्वर राम के 35 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार, 22 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एवं बिहार के नौहट्टा गांव निवासी राजकुमार राम के 28 वर्षीय पुत्र मिथुन कुमार के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायल मनीष कुमार ने बताया कि मैं अपनी छोटी बहन प्रियंका कुमारी को बीएड का एग्जाम दिलवा कर डाल्टनगंज से अपने गांव कोसियारा जा रहा था। इसी बीच आमर गांव के समीप कनवाह के पास मझिआंव से गढ़वा की ओर विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार की बाईक ने अनियंत्रित होकर मेरे बाईक में टकरा गई। जिसमें गिरकर हम सभी लोग घायल हो गये। इसके बाद बाईक चालक धक्का मारते हुये फरार हो गया। वहीं दूसरी घटना में कांडी थाना क्षेत्र के चोराटी घाट में एक टेंपो के पलटने से उसपर से गिरे सामान के चपेट में आने से पीछे से जा रहा बाईक चालक घायल हो गया। घायल बाईक चालक की पहचान घोड़दाग गांव निवासी सूर्यदेव राम के लगभग 40 वर्षीय पुत्र गुड्डु कुमार रवि के रूप में हुई। घटना के संबंध में घायल गुड्डु कुमार रवि ने बताया कि मैं अपने गांव घोड़दाग से अपने साला अक्षय कुमार के साथ बाईक से कांडी जा रहा था। चोराटी घाट पर पहुंचते ही आगे से जा रही सामान से लदा टेंपो डिवाईडर से टकराकर पलट गई और उस पर लदा सामान मेरे ऊपर गिरा और मैं घायल हो गया। घायल मनीष कुमार एवं गुड्डु कुमार रवि को इलाज के लिये गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## न्यूज अपडेट्स

### शैलेन्द्र आजसू के केन्द्रीय सचिव मनोनीत



**गढ़वा :** आजसू पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने गढ़वा निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ छोटन सिंह को पार्टी का केन्द्रीय सचिव मनोनीत किया है। जिस पर गढ़वा जिला प्रभारी सह पलामू लोकसभा प्रभारी सतीश कुमार ने बधाई देते हुये कहा कि छोटन को केन्द्रीय सचिव बनाये जाने से गढ़वा जिला में पार्टी को मजबूती प्रदान होगी। बधाई देने वालों मे गढ़वा जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा, केन्द्रीय सचिव शंकर विश्वकर्मा, डॉ अफजल अंसारी, दशरथ चौधरी, संतोष केशरी, रवीन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ इस्तयाक राजा, जयराम पासवान, चम्पा देवी, महिला जिलाध्यक्ष रीता देवी, पूजा शर्मा, विकास चन्द्रवंशी आदि के नाम शामिल हैं।

## चुनाव एसपी ने पुलिस अफसरों के साथ की बैठक

# भयमुक्त मतदान का निर्देश

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** एसपी दीपक कुमार पांडेय ने लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को यहां अनुमंडल कार्यालय के सभागार में सभी पुलिस अफसरों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी पुलिस अफसरों एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। बैठक के बाद जानकारी देते हुये एसपी दीपक पांडेय ने बताया कि अनुमंडल कार्यालय के सभागार में पुलिस अफसरों एवं भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर चुनाव की तैयारी की समीक्षा की गई है। साथ ही सभी को शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को उनके कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। एसपी ने कहा कि पुलिस शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिये तत्पर है। ऐसे में सभी पुलिस अफसरों को उनके कर्तव्यों के बारे में और टाईमलाईन के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण मतदान और भयमुक्त मतदान के लिये पुलिस लगातार काम कर रही है। सभी पुलिस अफसरों को निर्वाचन आयोग के गाईडलाईन के अनुसार इस महापर्व को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव में किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य नायक, भवनाथपुर के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, विशुनपुरा के थाना प्रभारी राहुल सिंह, धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## कार पलटने से आधा दर्जन लोग घायल, एक रेफर

**श्री बंशीधर नगर :** यूपी के दुद्धि से एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस श्री बंशीधर नगर लौट रही कार के विंढमगंज के घिवही रेलवे फाटक के समीप अनियंत्रित होकर पलट जाने से उसपर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। सभी घायल श्री बंशीधर नगर के व्यवसाई ऋतिक जायसवाल की बहन की शादी समारोह में शामिल होने पश्चिम बंगाल से आये रिश्तेदार थे। जानकारी के मुताबिक श्री बंशीधर नगर के व्यवसायी ऋतिक जायसवाल के बहन की शादी समारोह में शामिल होने के लिये लोग यूपी के दुद्धि गये हुये थे। शादी समारोह से वापस लौटने के दौरान कार विंढमगंज के घिवही रेलवे फाटक के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसपर सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गये। घायलों में टिंकू भगत, उनकी पत्नी रूपा भगत, चार वर्षीय पुत्री अनिकेत भगत, राजकुमार साव तथा उनकी पत्नी रश्मि देवी के नाम शामिल हैं।सभी घायलों को इलाज के लिये अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल टिंकू भगत की स्थिति गंभीर देखते हुये चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिये उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि शेष घायलों का इलाज अस्पताल में ही किया गया। उधर दूसरी घटना एनएच 75 पर यहां पाल्हे कला गांव के समीप हुई बाईक दुर्घटना में धुरकी थाना क्षेत्र के बबलू भुईयां के 18 वर्षीय पुत्र अजय कुमार घायल हो गया। घायल का इलाज अनुमंडल अस्पताल में किया गया।

## पुलिस इंस्पेक्टर ने वृद्धों के बीच अपने दिवंगत पिता का किया स्मरण



**श्री बंशीधर नगर :** आज स्वार्थ में अंधे पुत्र जहां अपने वृद्ध माता पिता को सहारा देने के बजाय उन्हें तिरस्कृत कर घरों से निकाल दे रहे हैं या वृद्धाश्रम में भेज दे रहे हैं, वहीं नगर ऊंटारी के पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने वृद्धाश्रम में वृद्धों के बीच अपने दिवंगत पिता का स्मरण कर एक मिसाल कायम की है। इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह ने रविवार को अपने पिता स्व सिद्धिनाथ सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि पर शहर में स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे और उसमें रह रहे वृद्धों के बीच फल का वितरण किया। श्री सिंह कुछ समय उन वृद्धों के बीच गुजारा जिन्हें अपने बाल बच्चों ने घर से बाहर कर दिया है। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने अपने माता पिता को अपने से दूर कर दिया है वे अभागे हैं, वैसे लोग इस धरती पर माता पिता रूपी देवी देवता को अपने से दूर कर दिया है। उन्होंने युवाओं से जीवन में खुशहाली के लिये अपने वृद्ध माता पिता की देखभाल का विशेष ख्याल रखने की अपील की।

# देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** भवनाथपुर पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येन्द्र नारायण सिंह ने दी। वे रविवार को अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया की पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी की भवनाथपुर थाना क्षेत्र के धनी मंडरा गांव में एक व्यक्ति हथियार के साथ किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने का प्लान बना रहा है। सूचना के बाद एक टीम का गठन किया गया। शनिवार की रात टीम के द्वारा धनी मंडरा में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कामेश्वर पासवान को उसके घर से ही एक देशी कट्टा और सात जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया गया। एसडीपीओ ने बताया की गिरफ्तार व्यक्ति की आपराधिक रिकार्ड के बारे में पता किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी दल में भवनाथपुर थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, एसआई परवेज आलम, प्रदीप उरांव, निरंजन प्रसाद शर्मा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# पनशाला का हुआ शुभारंभ

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** श्री सर्वेश्वरी समूह की डालटनगंज शाखा की ओर से रविवार को पनशाला खोला गया। पनशाला मेदिनीनगर के बाईपास रोड में स्थित ब्राईटलैंड पब्लिक स्कूल परिसर में खोला गया। इसकी शुरूआत समूह के स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष सह ब्राईट लैंड स्कूल की चैयरमैन रागिनी राय ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और गुरूपद संभव राम जी की पूजा अर्चना कर की। मौके पर श्रीमति राय ने कहा कि परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम ने मानव सेवा को ही सबसे बड़ा धर्म बताया है। पलामू में भीषण गर्मी पड़ रही है। जैसा कि एक्सपर्ट कह रहे हैं उसके मुताबिक इस साल जलवायु परिवर्तन के कारण अन्य वर्षों की तुलना में इस साल अधिक गर्मी पड़ेगी। ऐसे में पनशाला खुलने से आम लोगों को राहत मिलेगा। उन्होंने कहा समूह सेवा के 19 सूत्री लक्ष्य को लेकर निरंतर काम कर रही है। समूह अध्यात्म के साथ समाज में सेवा का बेहतर वातावरण कायम करने के लिये सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। मौके पर समूह के स्थानीय शाखा के व्यवस्थापक योगेन्द्र सिंह, प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, रंजीत राय, अजय बक्स राय, सुमन शाही, हरेराम सिंह, डा नरसिंह, ललित नारायण सिंह, सुधीर सिंह, शुभम राज आदि मौजूद थे।

## बस की चपेट में आने से सामाजिक कार्यकर्ता मानिक चंद ठाकुर की मौत, शोक

# बस में तोड़फोड़, ग्रामीणों ने की सड़क जाम

बंशीधर न्यूज



**रमना :** एनएच-75 पर भगत सिंह चौक के समीप विक्की-निक्की नामक बराती बस की चपेट में आने से सामाजिक कार्यकर्ता 60 वर्षीय मानिक चंद ठाकुर की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना शनिवार की रात लगभग 9 बजे की है। जानकारी के अनुसार मानिक चंद ठाकुर अपने मित्र वीरेंद्र पाठक के साथ उनकी बाईक पर बैठ कर एक वैवाहिक कार्यक्रम से घर वापस लौट रहे थे। घर पहुंचने से कुछ कदम पहले ही सड़क जाम होने की वजह से बाईक असन्तुलित होकर पलट गई और मानिक चंद ठाकुर बस के चक्का के नीचे आ गये। जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि इस घटना में घायल बीरेंद्र पाठक का इलाज निजी चिकित्सालय में किया जा रहा है। इधर घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बस में तोड़-फोड़ करते हुये शव के साथ सड़क जाम कर दिया। हालांकि इस बीच भीड़ का फायदा उठाते हुये कुछ असामाजिक तत्वों ने बस में आग लगा दी लेकिन स्थानीय लोगों ने सूझ-बूझ से काम लेते हुये उनके मंसूबो पर पानी फेर दिया। घटना की सूचना पर दलबल के साथ पहुंचे थाना प्रभारी असफाक आलम ने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। लेकिन लोग बस चालक को बुलाकर सजा दिलाने की मांग पर अड़े रहे। इस दौरान यातायात प्रभावित रहा। रात लगभग 11 बजे पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह एवं सीओ बासुदेव राय अतिरिक्त पुलिस बल के साथ वहां पहुंचे और जाम हटाने का अनुरोध किया। लेकिन ग्रामीण मांगे पूरी होने तक वहां से हटने को तैयार नहीं थे। इसके बाद पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुये भीड़ को तीतर-बितर कर यातायात बहाल कराया। साथ ही शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिये गढ़वा भेज दिया। अंत्यपरिक्षण के बाद रविवार की सुबह सुखड़ा नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि बड़े भाई मोतीचंद ठाकुर ने दी। मौके पर थानेदार असफाक आलम, विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, समाजसेवी वीरंची पासवान, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, मुकेश कुमार, डब्लू सिंह, टूटू सिंह, जोखू सिंह, गुड्डु सिंह, नंदू साव, धर्मेंद्र यादव, श्यामा साह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला उत्थान संगठन ने 135 जोड़े का कराया विवाह



**रांची।** जगन्नाथपुर के लटमा में रविवार को महिला उत्थान संगठन ने 135 कन्याओं का विवाह करवाया। ये कन्याएं वो हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आती हैं। विवाह समारोह कार्यक्रम के मुख्यातिथि सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सभी 135 कन्याओं को उपहार स्वरूप एक-एक वस्त्र और जेवर प्रदान किए। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि वे भी स्वयं कई वर्षों से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह अपने खुद के खर्चे पर करवा चुके हैं। ऐसे सामाजिक कार्यों में आम लोगों को भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। ऐसे वर्ग की कन्याएं जिनके माता-पिता आर्थिक रूप से कमजोर हैं, उनकी मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।






# वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के मतदाताओं को मतदान के प्रति करें प्रेरित

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि पूरे राज्य में वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम जारी है।मतदान के उपरांत सभी वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं की प्रतिक्रिया से आयोग को अवगत कराएंगे। इसके लिए गैर सरकारी संस्थानों में वोटर अवेयरनेस फोरम गठित है। इनका काम अपने संस्थान से जुड़े मतदाताओं को उनके परिवार सहित मतदान के लिए प्रेरित करना है। साथ हीं वोटर अवेयरनेस फोरम अपने संस्थान के लोगों ने मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश का सदुपयोग किया है, इसकी पुष्टि के लिए मतदान केंद्रों पर उन्हें सेल्फी लेने के लिए जरूर प्रेरित करेंगे। साथ ही अगर मतदान करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ा हो, तो उससे आयोग को अवश्य अवगत कराएं, जिससे भविष्य के निर्वाचनों में उसका समाधान किया जा सके। वह रविवार को निर्वाचन सदन में लोक सभा निर्वाचन 2024 से संबंधित जानकारी मीडिया के प्रतिनिधियों को दे रहे थे। मुख्य निर्वाचन




पदाधिकारी ने कहा कि राज्य में पहली बार मीडिया को ₹ आवश्यक सेवाओं₹ के रूप में अधिसूचित किया गया है। सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों के लिए फॉर्म 12 डी भरकर जमा करना है, जिससे वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव कवरेज के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के प्राधिकार पत्र निर्गत किये जा चुके हैं। वैसे मीडिया के प्रतिनिधि, जो अपना मताधिकार का इस्तेमाल पोस्टल बैलेट के माध्यम से करना चाहते हैं, वे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मीडिया प्राधिकार पत्र की छायाप्रति अपने मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति एवं फॉर्म 12 डी भरकर जिले के पोस्टल बैलेट कोषांग में जमा करा सकते हैं। इससे वे अपने कर्तव्य पर रहते हुए भी अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि राज्य में चौथे चरण के चुनाव के लिए नामांकन हेतु आज रविवार होने के कारण किसी भी प्रत्याशी ने अपना पर्चा नहीं भरा। चौथे चरण के चुनाव में प्रत्याशियों के पर्चा भरने के लिए अंतिम तिथि 25 अप्रैल 2024 तक है।

## इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और न ही राष्ट्र के लिए संकल्प : सुदेश महतो

**रांची/जमशेदपुर।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इंडी गठबंधन के पास ना कोई मोदी का विकल्प है और ना ही राष्ट्र के लिए संकल्प। सत्तारूढ़ जेएमएम और कांग्रेस का एक ही ध्येय है तुष्टीकरण की राजनीति करना। जेएमएम का तो सारा समय और ध्यान प्रदेश में अपने परिवार को स्थापित करने और लिए झारखंड को ही विस्थापित बनाने में लगा हुआ है। सुदेश कुमार महतो रविवार को डिमना लेक एरिया, जमशेदपुर में आयोजित जमशेदपुर लोकसभा स्तरीय ग्राम प्रभारी सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी का वादा करने वाली सरकार 10 हजार नौकरियों का भी आंकड़ा नहीं पार कर पाई है। स्थानीय, विस्थापित और नियोजन नीति का वादा कर सत्ता में बैठने वाले लोगों ने अपने वादों को भुला दिया। राज्य की जनता को साढ़े चार साल न कोई नीति मिली न ही नियोजन मिला। महतो ने कहा कि राज्य के मूलवासियों और आदिवासियों की भलाई के लिए एक भी निर्णय इन्होंने नहीं लिया। अबुआ आवास को इन्होंने बबुआ आवास बना दिया है। किस जरूरतमंद को आवास मिले यह फैसला ग्राम सभा को करना चाहिए था लेकिन इनकी गलत नीतियों के चलते यह फैसला



दफ्तर में बैठे बाबू ले रहे हैं। जो पैसा दे सकते हैं उन्हें आवास दिया जा रहा है। राज्यहित की बात करने वाले लोगों की सत्ता में आने के बाद प्राथमिकता ही बदल गई। नीति और नियोजन नहीं, यहां की खान संपदा का दोहन करना और जनता को छलना इनकी प्राथमिकता बन गई है। आजसू के इस सम्मेलन में जमशेदपुर लोकसभा सीट से एनडीए के उम्मीदवार विधुत वरण महतो भी उपस्थित रहे। मौके पर जमशेदपुर क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं और कई समाजसेवियों ने आजसू का दामन थामा। सम्मेलन में आए पार्टी के सभी कार्यकताओं से सुदेश महतो ने एनडीए उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए दिए गए जिम्मेदारियों को निष्ठा से निभाने और जनता के बीच जाकर प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताने को कहा। पार्टी के प्रधान महासचिव राम चन्द्र सहिस ने कहा कि सुदेश महतो राज्य के उम्मीद हैं। अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जमशेदपुर समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। राज्य के क्षेत्रीय मुद्दों को राष्ट्रीय पटल पर पहुंचाने की हमारी तैयारी है। एनडीए का एक-एक कार्यकर्ता ऐतिहासिक जीत की पटकथा लिखेंगे। इस सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र के सभी केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, जिला कमेटी, जिला के सभी प्रखंड प्रभारी एवं क्षेत्र के सभी इकाइयों के प्रखण्ड अध्यक्ष, सचिव तथा पंचायत एवं ग्राम प्रभारियों ने हिस्सा लिया।

# हिम्मत थी तो पिछले पांच साल का रिपोर्ट कार्ड देते : डॉ गुरु प्रकाश पासवान

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गुरु प्रकाश पासवान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में हिम्मत थी तो आज की रैली में पिछले पांच वर्ष का रिपोर्ट कार्ड देते। जनता को बताते कि पिछले 5 साल में उन्होंने झारखंड के लिए क्या किया है। पिछले पांच साल में उनके द्वारा किए गए दावे और वादे सब खोखले रहे। उन्होंने पांच लाख नौकरियां देने का वादा किया था। हर साल एक जेपीएससी कराने की बात कही थी। सरकार के मंत्री का कहना है कि अब तक झारखंड में महज जेपीएससी से 400 नीतियां हुई है। उन्होंने कहा कि उनके पास बताने के लिए कुछ नहीं था। यही कारण है कि नकारात्मकता के आधार पर राजनीति कर रहे हैं। वे हरमू रोड स्थित मीडिया सेंटर में रविवार को संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि रैली में मंच साझा करने वाली पार्टियां का भी यही हाल है। उन्होंने कहा कि मंच साझा करने वाली पार्टियां झारखंड की निमार्ता नहीं क्रेता और विक्रेता रही हैं। आदिवासी हित की बात इनके मुंह शोभा नहीं देती है। देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी बेटी के बैठने के पर भी उनके नेताओं द्वारा लगातार अपशब्द कहा गया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आदिवासी बेटी को दिया गया सम्मान सहन नहीं हुआ।

डॉ पासवान ने कहा कि




जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूख अब्दुल्ला सामाजिक न्याय और संविधान की बात करते हैं। कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद ही वहां आदिवासी, दलित और महिलाओं को सम्मान और हक मिला है। आरक्षण लागू हुआ है। उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। बिहार के तेजस्वी यादव सामाजिक न्याय की बात करते हैं आम जनता इस बात को नहीं भूली है कि लालू प्रसाद यादव ने कहा था कि उनकी लाश पर झारखंड बनेगा उन्होंने कहा कि यहां ड्यूटी सभी पार्टियों में सिर्फ परिवारवाद है बिहार में मुख्यमंत्री लालू बनेंगे। अवसर मिलने पर पत्नी राबड़ी देवी नेता प्रतिपक्ष बनेगी। दोनों बेटा उपमुख्यमंत्री बनेंगे। बेटी राज्यसभा जाएगी। इस बार मौका मिला तो फिर बेटी को ही लोकसभा चुनाव लड़ा रहे हैं।

झारखंड मुक्ति मोर्चा को देख लें। स्थापना के बाद से अब तक यह पार्टी परिवार से बाहर नहीं निकली है। आम आदमी पार्टी का भी यही स्थिति है। अरविंद केजरीवाल ही शुरू से अब तक उसके मुख्य संयोजक बने हुए हैं।भारतीय जनता पार्टी वादे के अनुरूप हर वर्ग का विकास की है। मोदी जी के सप्ताह में आने के बाद डॉक्टर अंबेडकर को भारत रत्न दिया गया। उनसे जुड़े हर स्थान को तीर्थ का दर्जा दिया है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली कांग्रेस जगजीवन राम, सीता राम केसरी और वर्तमान अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भी अपमान की है। डॉ अंबेडकर को सत्ता में रहते भारत रत्न नहीं दिया। कांग्रेस शुरू से सनातन विरोधी रही है। तुष्टीकरण है इनका ध्येय रहा है। आतंकियों के मारे जाने पर उसे सहित का दर्जा दे रहे हैं।

डॉ पासवान ने कहा कि हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल का घोटाला सामने आया है। न्यायालय के आदेश पर यह दोनों जेल में है। संविधान की दुहाई देने वाली पार्टियां न्यायपालिका का अपमान कर रही है। शिबू सोरेन और लालू यादव को जेल में कांग्रेस ने डाला था। मंच पर जुटी पार्टियां जेल में डालने वालों से गलबहियां कर रही है। इन पार्टियों में परिवारवाद और तुष्टीकरण ही समानता है।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)